**KOLHAN UNIVERSITY**
CHAIBASA, WEST SINGHBHUM
Jharkhand. Pin : 833202
Phone No. 06582-255276

*D.S.W.*
*Ref. No. KU/DSW/......61........../2025* *Date:* 23/05/2025

# चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (सत्र 2025–29) : नामांकन एवं पंजीयन संबंधी सूचना

**(Humanities & Social Sciences /Natural & Physical Sciences/Mathematics & Statistics/ Commerce (Major))**

एतद् द्वारा सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम में नामांकन एवं पंजीयन (जो एक साथ होना है) प्रक्रिया निम्नवत् है:

## नामांकन प्रक्रिया

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के NEP-2020 के अनुसार एवं उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांकः 1072 (अनु0) दिनांक 19.07.2022, पत्रांकः 1089 दिनांक 20.07.2022 एवं पत्रांक 01/वि0 1–63/2021–223 दिनांक 31.01.2023 के अनुसार चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Four-Year Undergraduate Programme (FYUGP)) के प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2025–29) में नामांकन (Professional & Vocational Courses को छोड़कर) हेतु विवरण निम्न प्रकार है:–

1. नामांकन हेतु चांसलर पोर्टल (www.jharkhanduniversities.nic.in) के माध्यम से ऑनलाईन (Online) आवेदन आमंत्रित है। वैसे विद्यार्थी जो CUET के परीक्षा में शामिल हुए हो या नहीं भी हुए हो, नामांकन हेतु आवेदन कर सकते है।
2. ऑनलाईन नामांकन आवेदन करने की तिथिः 24 मई से 19 जुन 2025 तक
3. चांसलर पोर्टल द्वारा आवेदन में उत्पन्न तकनीकी समस्या दर्ज कराने की तिथिः 20 से 21 जून 2025 तक (संबंधित कॉलेज में)
4. प्रथम सूची का प्रकाशनः 25 जून 2025 (संबंधित कॉलेज के वेबसाइट पर देखे जा सकेंगे)
5. प्रथम सूची से नामांकन : 25 जून से 05 जुलाई 2025 तक
6. द्वितीय सूची का प्रकाशन (रिक्त सीटों के विरूद्ध) : 08 जुलाई 2025
7. द्वितीय सूची से नामांकन की तिथि : 08 जुलाई से 14 जुलाई 2025
8. तृतीय सूची का प्रकाशन (रिक्त सीटों के विरूद्ध) : 15 जुलाई 2025
9. तृतीय सूची से नामांकन की तिथि : 15 जुलाई से 19 जुलाई 2025
10. कक्षा प्रारंभ : 21 जुलाई 2025 से
11. ऑनलाईन नामांकन आवेदन शुल्क : Rs. 200/-

सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों/ प्रभारी प्राचार्यों से अपील किया जाता है कि नामांकन संबंधी सम्पूर्ण सूचना महाविद्यालय अपने–अपने वेबसाईट (Website) एवं चांसलर पोर्टल पर प्रकाशित करना अवश्य सुनिश्चित करें।

महाविद्यालय प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य अपने महाविद्यालय में नामांकन समिति का गठन कर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के NEP-2020 दिशानिर्देशानुसार (KU FYUGP NEP-2020 Guidelines Curriculum (as amended upto) जो कोल्हान विश्वविद्यालय के वेबसाइड पर उपलब्ध है) नामांकन प्रक्रिया का विधिवत संचालन करेंगे। योग्य विद्यार्थियों के दस्तावेज सत्यापन के उपरांत ही महाविद्यालय स्तर से संबंधित विद्यार्थियों का नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र को Chancellor Portal के माध्यम से College Login द्वारा Online सत्यापित करना सुनिश्चित करेंगे परन्तु इसके पूर्व संलग्न Application Form (जिसमें मेजर विषय के साथ–साथ अन्य विषयों का चयन किया जाना है) को संबंधित विद्यार्थी से भरवा कर अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

विद्यार्थियों से नामांकन शुल्क बैंक चालान के माध्यम से निर्धारित नामांकन शुल्क प्राप्त करेंगे जबकि पंजीयन शुल्क Chancellor Portal पर Online जमा करेंगे। पंजीयन शुल्क एवं पंजीयन संबंधी दस्तावेज प्राप्त करने के बाद ही विद्यार्थियों को रोल नम्बर आवंटित करेंगे। इसके बावजूद यदि कोई विद्यार्थी का नामांकन प्रक्रिया में त्रुटि परिलक्षित / गलती हुई एवं महाविद्यालय को आर्थिक क्षति होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

सभी महाविद्यालय अपने स्तर से हेल्पडेस्क बनाकर, विद्यार्थियों को नामांकन में होने वाली हर परेशानी का यथासंभव समाधान कर नामांकन प्रक्रिया को हर हाल में समयावधि में सम्पन्न करायेंगे।

विद्यार्थियों के लिए विशेष सूचनाः

- स्नातक स्तरीय नामांकन Chancellor Portal पर सिर्फ Major Paper पर ही लिया जायेगा एवं शेष अन्य विषयों को महाविद्यालय द्वारा जारी मेधा सूची (Merit List) में नाम प्रकाशित होने के उपरांत विद्यार्थी संबंधित महाविद्यालय में नामांकन से संबंधित सभी दस्तावेजों (ABC ID होना अनिवार्य है) को जमा करते हुए उसी समय महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये फार्म में भरकर जमा करना है।

## पंजीयन प्रक्रिया

स्नातक प्रथम सेमेस्टर (2025–2029) में नामांकन के साथ ही पंजीयन हेतु विवरण, निर्देश एवं तिथि निम्न प्रकार हैः–

| क्र.सं. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | विद्यार्थियों द्वारा निचे उल्लेखित दस्तावेजों को संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की तिथि | 25.06.2025 से 19.07.2025 तक |
| 2. | महाविद्यालय द्वारा College & Verified Login से University Login को Forward करने की तिथि | 25.06.2025 से 19.07.2025 तक |
| 3 | महाविद्यालय द्वारा DSW Office, KU में दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि | 23.07.2025 तक |

## ➢ विद्यार्थियों के लिए विशेष निर्देश :

- स्नातक सत्र 2025–2029 में नामांकित विद्यार्थी कृपया अपना Original 10+2 Migration Certificate तथा Re-admission की स्थिति में Registration Slip एवं अन्य दस्तावेज संबंधित महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना
- यदि जिन विद्यार्थियों का Original 10+2 Migration Certificate तथा Re-admission की स्थिति में Registration Slip ससमय जमा नहीं होता है तो उनका पंजीयन करना संभव नहीं हो पाएगा।
- Re-admission की स्थिति में जो विद्यार्थी 2020, 2021, 2022, 2023, 2024 में नामांकन तथा पंजीयन किये थे, वैसे विद्यार्थी अपना Online Original Registration Slip (Download from Chancellor Portal) को संबंधित प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित कराकर) अनिवार्य रूप से संबंधित महाविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

## (क) महाविद्यालयों के लिए निर्देशः–

- कॉलेज द्वारा संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण कार्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से आवश्यक दस्तावेजों को जमा करने हेतु विवरणी निम्नवत् है।

| क्र.सं | विवरण |
|---|---|
| 1 | Admission Printout (Hard Copy), Admission Fee receipt, Original 10+2 Migration Certificate, Xerox Copy of CLC/SLC, Admit Card, Mark sheet (Intermediate), ABC ID, Aadhaar & Caste. |
| 2 | Re-admission की स्थिति में पहले का Original Registration Slip.<br>• Re-admission की स्थिति में जो विद्यार्थी 2020, 2021, 2022, 2023 एवं 2024 में नामांकन तथा पंजीयन किये थे वैसे विद्यार्थी का Online Original Registration Slip (Download from Chancellor Portal) को संबंधित प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित कराकर) जमा करेंगे। |
| 3 | D.D. in Favour of "Registrar, Kolhan University" Payable at Chaibasa. |
| 4 | Forwarding Letter in favour of DSW, Kolhan University, Chaibasa |
| 5 | Affiliation letter must be enclosed (Only affiliated colleges) |
| 6 | Total Students details in Arts, Science, Commerce (Excel Format) with Fee statement |
| 7 | Undertaking letter (वचन–पत्र) must be enclosed of all colleges (Format enclosed) |

- College Login से Chancellor Portal पर पूर्व की भाँति Online पंजीयन प्रक्रिया करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगे। पंजीयन प्रकिया की विधि संलग्न है।

## (ख) पंजीयन शुल्कः–

1. Rs. 250/- झारखण्ड राज्य JAC Board से 10+2 Intermediate में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए।
2. Rs. 450/- दूसरे Board/State से 10+2 Intermediate में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए।

(ग) **Chancellor Portal** के द्वारा उपलब्ध कराये गये नामांकन डाटा को निम्नांकित प्रपत्र के अनुसार प्राचार्य द्वारा सत्यापित किया हुआ जमा करना सुनिश्चित करेंगेः–

| Sl. No | Form No. | Student Name | Father Name | Date of Birth | Class Roll No. | Major | Minor | MDC | AEC | VAC (a) | VAC (b) | SEC | Migration | Total Fee |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | |

## विशेष निर्देश

Chancellor Portal के द्वारा विद्यार्थियों का पंजीयन संख्या Generate होने के उपरांत कृपया सभी महाविद्यालय डॉ. रसीदा खातुन, सहायक–सह–कम्प्युटर ऑपरेटर से सम्पर्क कर अपने महाविद्यालय का Generated Registration Data को प्राप्त कर Major विषय के साथ शेष सभी विषयों को भरकर (Generated Registration Data के Excel Format में New Colom Create कर ) Hard Copy & Soft Copy में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 10.09.2025 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

कुलपति के आदेशानुसार
ह0/-
संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा

ज्ञापांक : KU/DSW/....61..../2025
दिनांक : 23/05/2025

प्रतिलिपिः–

1. प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य, सभी महाविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा।
2. The PMU, NIC TEAM, Chancellor Portal रांची के सूचनार्थ एवं कार्यार्थ प्रेषित।
3. विश्वविद्यालय वेबसाईट।
4. कुलपति / प्रति–कुलपति / कुलसचिव के सहायक को उनके सूचनार्थ।
5. संचिका में।

23/5/25

(डॉ. संजय यादव)
संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा

डॉ0 रसीदा
23/5/25